दिनांक : 02.08.2025 समय : 07.10pm

# प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी की।**
- **मुख्यमंत्री ने सीहोर में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का किया भूमिपूजन ।**
- **प्रदेश के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए चलाया जायेगा विशेष अभियान ।**
- **अगले दो दिनों में राज्य के कुछ जिलों में तेज बारिश का अलर्ट।**

## प्रधानमंत्री किसान किस्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। इसके अन्तर्गत देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 20 हजार पांच सौ करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। श्री मोदी ने बताया कि सरकार ने किसानों के लिए छोटे जिलों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से एक नई पीएम धन धान्य योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 24 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि वे त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों को ही प्राथमिकता दें।

## सीहोर भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1 हजार 406 करोड़ रूपये निवेश करने वाली 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर मिल रही उद्योगों की सौगातों के साथ ही रोजगार के नये अवसर सृजित हो रहे हैं । उन्होंने कहा कि सीहोर में जल्द ही एक लाख मीट्रिक टन सब्जियों की खरीद की व्यवस्था प्रारंभ की जाएगी, जिससे जिले के दो लाख से अधिक किसान परिवारों को लाभ होगा।

इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा साथ ही 1 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खरगोन में अभ्युदय विश्वविद्यालय परिसर में श्रीराम दरबार मंदिर का लोकार्पण किया और विश्वविद्यालय के छात्रों से संवाद किया।

## जयंती

विधानसभा के सेंट्रल हॉल में प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करने की परंपरा की शुरूआत आज प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती के साथ हुई। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की पहल पर श्रद्धासुमन अर्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के साथ ही मंत्रिगण, विधानसभा सदस्य एवं विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्षों का पुण्य स्मरण उनकी जयंती पर होना चाहिए।

## बीएलओ पारिश्रमिक

चुनाव आयोग ने बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और मतदाता सूची तैयार करने एवं पुनरीक्षण कार्य में शामिल बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक भी बढ़ा दिया है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि संशोधित ढांचे के अनुसार, बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक छह हज़ार रुपये से दोगुना करके बारह हज़ार रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए बीएलओ को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि एक हज़ार रुपये से बढ़ाकर दो हज़ार रुपये कर दी गई है।

## रजिस्ट्रेशन प्लेट

प्रदेश के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अनिवार्य रूप से लगाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को इस आशय के आदेश दिये है। प्रदेश में एक अप्रैल 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाई जा रही है। अब परिवहन विभाग ने एचएसआरपी प्लेट बदलने का कार्य आगामी 3 माह में पूर्ण करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारियों को दिए है। निर्देश में कहा गया है कि अपने जिले के समस्त डीलरों से निरंतर सम्पर्क में रहते हुए वाहनों में एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाई जाए। जिन वाहनों में एचएसआरपी प्लेट नहीं होगी उन्हें पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सेंटर द्वारा प्रमाण पत्र, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करने, पंजीकरण प्रमाण पत्र में पता बदलना, शुल्क देकर आरसी विवरण देखना संभव नहीं हो सकेगा।

**मातृ वन**

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आज गुरुग्राम में मातृ वन पहल के शुभारंभ किया। यह पहल अरावली पर्वतीय क्षेत्र में सात सौ पचास एकड़ में फैला थीम–आधारित शहरी वन है।

इस अवसर पर श्री मनोहर लाल ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन मानव जाति के लिए सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती बन गया है। उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए कार्बन कैप्चर तकनीक का उपयोग करने के अलावा वनों की कटाई रोकने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने की परंपरा को अपनाने और वन मित्र बनने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित किया। मातृ वन, प्रकृति से प्रेरित हरित प्रयासों के माध्यम से पीढ़ियों के पोषण के लिए थीम आधारित शहरी वन समर्पित एक पहल है।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले दो दिन की राहत के बाद एक बार फिर मौसम सक्रिय हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में राज्य के कुछ जिलों में तेज बारिश की संभावना के साथ अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार राजधानी भोपाल समेत इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटों में ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में भारी बारिश होने के साथ ही टीकमगढ़, गुना और निवाड़ी सहित कई जिलों में तेज हवाएं और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

**कुछ समाचार संक्षेप में**

- लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर जिला चिकित्सालय परिसर में 100 बिस्तरों वाले नवीन महिला एवं शिशु रोग विभाग तथा एकीकृत पब्लिक हेल्थ लैब का लोकार्पण किया।
- आजीविका मिशन के तहत नीमच जिले में 4 हजार 983 स्व सहायता समूह गठित किए गए है। इन समूहों में नीमच जिले के 45 हजार परिवार जुड़े है।
- रक्षाबंधन पर जबलपुर केंद्रीय जेल में जेल विभाग ने बहनों के लिए खास राखी किट तैयार करवाई है। जिसे कैदियों से मिलने आने वाली बहनों को दिया जाएगा।
- खंडवा में गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ खंडवा रन मैराथन के साथ हुआ।

- शिवपुरी जिले डाकघर संभाग शिवपुरी के लुकवासा शाखा डाकघर में सुकन्या रक्षा अभियान के तहत आज एक रैली निकाली गई।
- युवा संगम कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अशोकनगर जिले को दूसरा स्थान मिला है।
- देवास जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
- भारत संचार निगम लिमिटेड ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रीपेड मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए एक खास योजना शुरू की है।
- भारत सरकार द्वारा "सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम, 2025" झाबुआ जिले में भी लागू कर दी गई है।
- राज्य शासन द्वारा संचालित "युवा संगम" कार्यक्रम के अंतर्गत गुना जिले में रोजगार मेला, अप्रेंटिस मेला तथा स्वरोजगार योजनाओं में उल्लेखनीय कार्य के लिए सराहना मिली है।
- युवा संगम कार्यक्रम के तहत आगरमालवा में कल लगाये गये रोजगार मेले में 153 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया।
- नर्मदापुरम जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सभी विकासखण्डों में टीबी स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में 3 लाख 6 हजार लोगों की जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है, इसमें कल ढिमरियाई नृत्य एवं दुलदुलघोड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी।